हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, मंगलवार, 23 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 22.1 डिग्री
न्यूनतम 6.0 डिग्री

13 स्पर्धाओं में 103 विद्यार्थी दिखाएंगे अपनी प्रतिभा



14 मेयर ने किया खेल महोत्सव का उद्घाटन



## खबर संक्षेप

### 100 केवीए ट्रांसफार्मर का सामान चोरी

**गन्नौर।** गांव बड़ी में 11 केवी टेहा एपी फीडर पर लगा 100 केवीए ट्रांसफार्मर का सामान चोरी हो गया। गन्नौर के एसडीओ सिटी सब डिवीजन ने इस संबंध में थाना बड़ी में शिकायत दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया कि 17-18 नवंबर की रात अज्ञात व्यक्ति ट्रांसफार्मर के अंदर लगी एलटी-एचटी कायल व राड चोरी कर ले गए। ट्रांसफार्मर की खाली बाडी जमीन पर पड़ी थी व सारा तेल जमीन पर फैल गया था। यह ट्रांसफार्मर मुर्गी फार्म की बिजली आपूर्ति के लिए लगाया गया था। इस चोरी विभाग को करीब 1 लाख 90 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### सूने मकान से नकदी और आभूषण चोरी

सोनीपत। मयूर विहार स्थित बंद घर के ताले तोड़कर चोर नकदी और सोने के आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित परिवार अपने पैतृक गांव गया था। वापस लौटने पर चोरी का पता लगा। सिटी थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।मयूर विहार की गली नंबर पांच निवासी अमित ने प्राथमिकी दर्ज कराई है कि वह नागरिक अस्पताल स्थित सीएमओ कार्यालय में सहायक के पद पर कार्यरत है। शनिवार को अपने परिवार सहित गांव बली कुतुबपुर गए थे। वह घर पर ताले लगाकर गए थे। जब वह वापस लौटे तो मुख्य दरवाजे के साथ ही अंदर ताले टूटे पड़े थे। अलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। उन्होंने बताया कि चोर उनके घर के अंदर अलमारी से 74 हजार रुपये की नकदी और सोने की दो अंगूठियां, सोने का हार और कानों के टॉप्स चोरी कर ले गए थे। अमित ने मामले से सिटी थाना पुलिस को अवगत कराया।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**गन्नौर।** गन्नौर यातायात पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मधुबन पुलिस अकादमी के गेट के पास से चुराई गई एक हवलदार की बाइक सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान गांव गढ़ी कला निवासी महताब के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को पकड़कर आगे की कार्रवाई के लिए गन्नौर थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। गन्नौर यातायात प्रभारी सोहन पहलवान ने बताया कि उनकी टीम जीटी रोड पर नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक को रोका गया। बाइक चालक से जब वाहन के कागजात मांगे गए तो वह कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। शक होने पर पुलिस ने आरोपित से पूछताछ की। पूछताछ के दौरान आरोपित ने स्वीकार किया कि बाइक चोरी की है।

## प्राथमिक विद्यालयों में गिरते शिक्षा स्तर पर महानिदेशक सख्त

# हिंदी व गणित के आकलन में पिछड़े छात्र, 75% स्कूलों को मिला सी ग्रेड


**खराब प्रदर्शन करने वाले जिले के 10 स्कूल प्रबंधकों को गुरुग्राम बुलाया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

**अगामी 29 और 30 दिसंबर को दूसरे चरण के असेसमेंट में 21 हजार से ज्यादा बच्चे होंगे शामिल**

निपुण भारत मिशन के तहत राजकीय प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए चलाए जा रहे अभियान में सोनीपत जिला के 10 विद्यालयों का प्रदर्शन चिंताजनक रहा है। सितंबर माह में आयोजित सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट के दौरान हिंदी और गणित जैसे बुनियादी विषयों में पिछड़ने के कारण अब शिक्षा विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। खराब प्रदर्शन करने वाले इन 10 विद्यालयों के प्रबंधकों को 23 दिसंबर को गुरुग्राम में महानिदेशक मौलिक शिक्षा के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होकर जवाब देना होगा।

शिक्षा की नींव मजबूत करने के उद्देश्य से 15 और 16 सितंबर को जिले के प्राथमिक विद्यालयों में विद्यार्थियों का शैक्षिक स्तर जांचा गया था। इस असेसमेंट के परिणाम बेहद चौंकाने वाले रहे क्योंकि जिला के लगभग 75 प्रतिशत प्राथमिक विद्यालयों के विद्यार्थी सी ग्रेड की श्रेणी में पाए गए। इनमें से 10 विद्यालय ऐसे चिन्हित किए गए जिन्होंने 50 प्रतिशत से भी कम अंक अर्जित किए। महानिदेशक ने न केवल इन विद्यालय प्रबंधकों को तलब किया है बल्कि संबंधित क्लस्टर बीआरपी और एबीआरसी से भी स्पष्टीकरण मांगा है कि आखिर शिक्षण कार्य में इतनी बड़ी चूक कैसे हुई।



### ये स्कूल शामिल

- इन विद्यालयों पर लटकी है तलवार गोहाना के देवीपुरा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय
- गोहाना के रामगढ़ स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय
- गोहाना के रेवाड़ा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय
- खरखौदा के निरथान स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय
- गन्नौर के बाली कुतुबपुर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय
- गन्नौर के गढ़ी बिलंदा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय
- गन्नौर के चिरस्मी स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय
- राई के झुंडपुर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय
- राई के टांडा स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय
- राई के नारिसपुर बांगर स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय

### 21 हजार विद्यार्थियों की परखी जाएगी दक्षता

विभाग अब आगामी 29 और 30 दिसंबर को दूसरे चरण का असेसमेंट आयोजित करने जा रहा है जिसमें सुधार की उम्मीद की जा रही है। इस बार जिले के सभी 420 प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा पहली से तीसरी तक के कुल 21689 विद्यार्थियों की दक्षता परखी जाएगी। विभाग का मुख्य लक्ष्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुसार विद्यार्थियों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान में निपुण बनाना है। इस प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए विभाग ने विशेष रणनीति तैयार की है। असेसमेंट के दौरान संबंधित विद्यालय के प्राचार्य या कक्षा शिक्षकों की कोई भूमिका नहीं होगी। इसके स्थान पर पीजीटी और टीजीटी स्तर के शिक्षकों को बाहरी मूल्यांकनकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है जो निष्पक्ष तरीके से ग्रेडिंग रिपोर्ट तैयार करेंगे। इस वृहद अभियान में कक्षा पहली के 6859, दूसरी के 7191 और तीसरी के 7639 नन्हे विद्यार्थी अपनी शैक्षणिक प्रतिभा का परिचय देंगे। इस असेसमेंट के जरिए विभाग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि कक्षा कक्ष में केवल पाठ्यक्रम पूरा न हो बल्कि बच्चे वास्तव में ज्ञान अर्जित करें। गुरुग्राम में होने वाली बैठक में महानिदेशक भविष्य के लिए आवश्यक दिशा निर्देश देंगे ताकि अगले चरण में जिला का शैक्षणिक स्तर सुधर सके।

### पहले हिंदी फिर होगा गणित का आकलन

एफएलएन के जिला समन्वयक मनोज वर्मा ने इस प्रक्रिया पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह कोई पारंपरिक लिखित परीक्षा नहीं है। यह केवल यह जानने का एक माध्यम है कि विद्यार्थी अपनी आयु और कक्षा के अनुरूप सीखने की क्षमता रखते हैं या नहीं। 29 दिसंबर को हिंदी और 30 दिसंबर को गणित विषय का आकलन होगा। इसमें तकनीक का सहारा लेते हुए निपुण टीचर एप पर रियल टाइम डाटा अपडेट किया जाएगा। मूल्यांकनकर्ता प्रत्येक बच्चे से मौखिक और व्यावहारिक सवाल पूछेंगे और प्राप्त फीडबैक को तुरंत एप पर अपलोड करेंगे।

### खराब प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को बुलाया

सितंबर माह में हुई सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट में खराब प्रदर्शन करने वाले 10 प्राथमिक विद्यालयों के प्रबंधकों को महानिदेशक ने 23 दिसंबर को गुरुग्राम में बुलाया है। बैठक में महानिदेशक प्रदेशभर के ऐसे विद्यालय प्रबंधकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। जिला में विद्यार्थियों का पुनः शैक्षणिक स्तर जानने के लिए 29-30 दिसंबर को दूसरे चरण में सेंसस ग्रुपिंग असेसमेंट होगा। इसके लिए पीजीटी व टीजीटी की नियुक्ति की गई है।
-**रचना बाना**, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

**किसानों को राहत :** गन्नौर अनाज मंडी में अब नहीं लगेगा जाम

# मंडी के लिए अतिरिक्त गेट का प्रस्ताव मंजूर



**गन्नौर।** मार्केट कमेटी गन्नौर की नई बाडी के गठन के बाद सोमवार को पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मार्केट कमेटी के अध्यक्ष निशांत छौक्कर ने की। इस दौरान उपाध्यक्ष योगेश कौशिक, मार्केट कमेटी सचिव शिव कुमार सहित सभी सदस्य मौजूद रहे। बैठक में अनाज मंडी और मार्केट कमेटी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों, व्यवस्थाओं और मंडी के सुचारू संचालन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अनाज मंडी में एक अतिरिक्त गेट लगाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पास किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि नए गेट के निर्माण से सीजन के दौरान ट्रकों की आवाजाही सुचारू रहेगी और जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

### मार्केट कमेटी की बैठक में कई प्रस्ताव मंजूर

इसके अलावा मंडी परिसर में पेयजल सुविधा के लिए वाटर कूलर लगाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि मार्केट कमेटी के अधीन आने वाली सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत करवाई जाएगी, ताकि किसानों और व्यापारियों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने के लिए अधिक जागरूकता के साथ कार्य करने पर भी जोर दिया गया। वहीं दूसरी बैठक में कृषि विभाग व हैफेड के अधिकारियों के साथ अध्यक्ष निशांत छौक्कर व उपाध्यक्ष योगेश कौशिक ने खाद की उपलब्धता को लेकर विशेष चर्चा की। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि खाद की मांग समय पर भेजी जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

### चरस की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार, कोर्ट ने जेल भेजा



**सोनीपत।** जिले की क्राईम यूनिट कुण्डली पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए चरस सहित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान साहिल पुत्र सुनील निवासी गांव फरमाना, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 दिसंबर को क्राईम यूनिट कुण्डली में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक प्रदीप अपनी टीम के साथ रतनगढ़ मोड़, गोहाना रोड क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तलाश में मौजूद थे। इसी दौरान खुफिया सूचना मिली कि साहिल नामक युवक जाजी–लुहारी टिब्बा रास्ते पर जैकेट पहनकर चरस बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए गांव जाजी के निकट प्राइमरी स्कूल के पास रजबाहे के साथ एक युवक को शक के आधार पर काबू किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम साहिल पुत्र सुनील निवासी गांव फरमाना बताया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में नियमानुसार तलाशी लेने पर उसकी जैकेट से पॉलीथिन में चरस बरामद हुई। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर चरस का कुल वजन 301 ग्राम पाया गया। इसके बाद क्राइम यूनिट कुण्डली की अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक विक्रम ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपित को विधिवत गिरफ्तार किया। पुलिस मामले में आगे की जांच कर रही है।

### पुलिस लाइन में जनरल परेड



**सोनीपत।** पुलिस लाइन में सोमवार को जनरल परेड का आयोजन किया गया, जिसमें जिला पुलिस के अधिकांश अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। जनरल परेड का निरीक्षण पुलिस उपायुक्त पश्चिम जोन कुशल पाल द्वारा किया गया।

### गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा में मनाया गया शहीदी समागम, गुरुबाणी के प्रकाश से संगत निहाल



**सोनीपत।** गुरु गोविंद सिंह जी के चार साहबजादे की शहादत को समर्पित 'तूही निशानी जीत की आज तूही जगबीर ' शहीदी समागम मनाया गया। जिसमें मनजीत सिंह पठानकोट वाले गुरुद्वारा साहब पहुंचे। उन्होंने संगत को गुरबाणी कीर्तन श्रवण कराया एवं गुरु गोविंद सिंह के चार साहिबजादों की शहीदी का इतिहास श्रवण कराया। गुरु जी के दो बडे साहिबजादे 22 दिसंबर को चमकौर साहब में जंग करते हुए शहीद हुए। और दो छोटे साहबजादे को 27 दिसंबर को सरहिंद में दीवारों में जिंदा चिनवा कर शहीद कर दिया गया। महासचिव परमजीत सिंह ने बताया कि साहिबजादों ने जबरदस्ती धर्म परिवर्तन नहीं किया बल्कि शहीद होना कबूल किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब के प्रधान सरदार मोहन सिंह मनोचा, जरनैल सिंह, गुरिंदर सिंह, गुरजीत सिंह, शमशेर सिंह, अरविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गढ़ी हकीकत में परचून की दुकान में आग लगने से सामान जला



**सोनीपत।** गोहाना रोड पर गढ़ी हकीकत गांव के पास स्थित देवी सिंह की परचून की दुकान में देर रात बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही देर में दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस हादसे में करीब 9 से 10 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक दुकान में रखा अधिकांश सामान नष्ट हो चुका था। पीड़ित देवी सिंह दिव्यांग हैं और मेहनत-मजदूरी कर उन्होंने यह परचून की दुकान शुरू की थी। आगजनी की इस घटना में दुकान के अंदर रखे दो फ्रिज, राशन व अन्य सामान जल गया।

### दुकानदार को आर्थिक सहायता देने की मांग

घटना की सूचना मिलने पर जिला पार्षद संजय बड़वासनिया मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पीड़ित दिव्यांग दुकानदार को शीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि वह दोबारा अपना काम शुरू कर सके। इस अवसर पर आजाद, प्रदीप, संदीप, कुलदीप, राजवीर और राजू भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से पीड़ित परिवार को शीघ्र राहत देने की मांग की है।। इस हादसे से देवी सिंह का रोजगार पूरी तरह ठप हो गया है और परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

### कुराड़ के नजदीक चाप नेशन में भी आगजनी

सोनीपत। जीटी रोड पर गांव कुराड़ के नजदीक चाप नेशन नामक एक दुकान में आग लग गई। सोमवार दोपहर बाद अचानक आग लगने के बाद आसपास क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों ने आग लगने की सूचना दमकल विभाग कार्यालय में कॉल करके दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर दमकल की चार गाड़ियां पहुंची और डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं लग पाया है। गांव असावरपुर के रहने वाले पंकज कौशिक ने जीटी रोड पर कुराड़ गांव के पास चाप नेशन नामक दुकान खोल रखी है। सोमवार दोपहर बाद करीब 3:20 पर अचानक दुकान में आग लग गई। इस दौरान दुकान के पास से गुजर रहे लोगों में हड़कंप मच गया। तभी मामले की सूचना मुरथल थाना पुलिस और अग्निशमन विभाग को दी गई। घटना के तुरंत पर जीटी रोड और सर्विस लेन पर जाम की स्थिति बन गई। दुकान में लगी आग को देखने वालों की संख्या बढ़ गई। सूचना मिलने के बाद घटनास्थल पर दमकल विभाग की चार गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया। शाम साढ़े पांच बजे तक आग पर काबू पाया गया। पुलिस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाया।

# आसमान में छाई रही बादलों की चादर कोहरे से मिली राहत पर ठंड बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले में मौसम का मिजाज लगातार बदलता नजर आ रहा है। बीते कुछ दिनों से घना कोहरा लोगों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ था, लेकिन अब आसमान में छाए बादलों ने कोहरे से काफी हद तक निजात दिलाई है। हालांकि, दोपहर बाद सूर्य के दर्शन हुए तो ठंड का अहसास कम हुआ है। सुबह और शाम के समय सर्द हवा चलने से लोगों को कंपकंपी महसूस हो रही है और ठंड में इजाफा दर्ज किया जा रहा है।मौसम विभाग के अनुसार तापमान में हल्की वृद्धि जरूर दर्ज की गई है, लेकिन दो दिनों तक धूप न निकलने के कारण इसका असर महसूस नहीं हो पा रहा। सोमवार को धूप निकलती तो दिन का अधिकतम तापमान 19 डिग्री पर पहुंचा। जबकि न्यूनतम तापमान में भी मामूली बढ़ोतरी देखी गई है। इसके बावजूद नमी और ठंडी हवाओं के कारण ठंड ज्यादा प्रभावी बनी हुई है। खासकर सुबह के समय स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और दिहाड़ी मजदूरों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



### वायु प्रदूषण से नहीं मिल रही निजात

वायु प्रदूषण से लोगों को अभी राहत नहीं मिल पाई है। जिले में एयर क्वालिटी इंडेक्स 299 दर्ज किया गया है, जो बेहद खराब श्रेणी के करीब माना जा रहा है। प्रदूषण के कारण सांस संबंधी दिक्कतें बढ़ रही हैं और आंखों में जलन, गले में खराश तथा सिरदर्द जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। प्रशासन द्वारा ग्रैप-4 की पाबंदियां लागू होने के बावजूद प्रदूषण के स्तर में अपेक्षित गिरावट देखने को नहीं मिल रही है। इससे साफ है कि मौजूदा उपाय प्रदूषण पर पूरी तरह से प्रभावी साबित नहीं हो पा रहे हैं।

### स्वास्थ्य के लिए खतरनाक

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि ठंड, नमी और प्रदूषण का यह मिश्रित प्रभाव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। अस्थमा, हृदय रोग और सांस की बीमारियों से पीड़ित लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी जा रही है। डॉक्टरों के अनुसार सुबह के समय खुले में टहलने से बचना चाहिए और मास्क का उपयोग अनिवार्य रूप से करना चाहिए। बच्चों और बुजुर्गों को ठंड से बचाने के लिए गर्म कपड़े पहनाने और पर्याप्त तरल पदार्थ लेने की सलाह दी गई है। बदलते मौसम में वायरल बुखार, खांसी और जुकाम के मामले भी बढ़ सकते हैं, इसलिए सावधानी बेहद जरूरी है।

### अत्याधिक नमी से खेती को खतरा

कृषि क्षेत्र पर भी मौसम के इस बदलाव का असर साफ नजर आने लगा है। धूप कम मिलने से सरसों, गेहूं और सब्जियों की फसलों की बढ़वार पर असर पड़ सकता है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अगर लंबे समय तक धूप नहीं निकली तो फसलों में नमी बनी रहेगी, जिससे कीट और रोग लगने की संभावना बढ़ जाएगी। किसानों को सलाह दी गई है कि वे फसलों की नियमित निगरानी करें। वहीं, हल्की ठंड और नमी कुछ फसलों के लिए लाभदायक भी हो सकती है, लेकिन अत्यधिक नमी नुकसानदायक साबित हो सकती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में कोहरे से राहत मिलने के बाद सड़कों पर दृश्यता में सुधार हुआ है, जिससे वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है।

### संतोष ट्रॉफी में चंडीगढ़ टीम की कमान शहर के छोरे आशिष के हाथ

सोनीपत। भारतीय फुटबॉल की सबसे प्रतिष्ठित प्रतियोगिता संतोष ट्रॉफी 2025–26 में इस बार चंडीगढ़ फुटबॉल टीम का नेतृत्व मुख्य कोच सोनीपत के आशिष मलिक करेंगे। उनके मार्गदर्शन में चंडीगढ़ टीम आगामी सत्र में बेहतर प्रदर्शन के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी।आशिष मलिक भारतीय फुटबॉल का जाना-माना नाम हैं। उन्होंने स्वयं खिलाड़ी के रूप में दिल्ली और हरियाणा की ओर से चार बार संतोष ट्रॉफी में प्रतिनिधित्व किया है। मैदान पर उनके अनुभव, अनुशासन और खेल की गहरी समझ ने उन्हें एक सफल खिलाड़ी के साथ-साथ कुशल कोच के रूप में स्थापित किया है।वर्तमान में आशिष मलिक मुंबई में केंद्र सरकार की सीएजी (सरकारी) सेवा में कार्यरत हैं, लेकिन फुटबॉल के प्रति उनका समर्पण और जुनून आज भी उतना ही मजबूत है। नौकरी के साथ-साथ वे कोचिंग के माध्यम से युवा खिलाड़ियों को निखारने का कार्य कर रहे हैं। सोनीपत जिले के गांव पिनाना से संबंध रखने वाले आशिष ने ग्रामीण पृष्ठभूमि से निकले है।

# जिले के गांवों में तेजी से हो रहे विकास कार्य : चेयरपर्सन दहिया



**खरखौदा।** खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में सरपंच, ब्लॉक समिति व जिला परिषद सदस्यों की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया ने कहा कि यदि हमारे गांव विकसित होंगे तो देश अपने आप में विकसित हो जाएगा। भारतीय जनता पार्टी का भी एक ही लक्ष्य है गांव को विकसित बनाना है। आज क्षेत्र में चार इंजनों की सरकार भी गांव को विकसित करने में लगी हुई है।

### रैली का दिया न्योता

उन्होंने कहा कि सफलता का सबसे सही मार्ग एकता में बल होना अति आवश्यक है। यदि हमारे संगठन में एकता होगी तो सफलता अवश्य मिलेगी। इसलिए संगठित होकर 28 दिसंबर की खरखौदा की अनाज मंडी में होने वाली विकास रैली को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर अपने सभी जरूरी काम छोड़कर क्षेत्र के विकास के लिए मुख्यमंत्री का स्वागत करने के लिए रैली में पहुंचे। ब्लॉक समिति अध्यक्ष सितेंद्र दहिया ने कहा कि 28 तारीख की रैली ऐतिहासिक रैली होगी। इस अवसर पर नगर पालिका के अध्यक्ष हीरालाल, मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन गुलशन ठेकेदार, नरेंद्र दहिया, मनजीत पार्षद, पवन सरपंच, जगबीर आदि मौजूद रहे।

### सीएम से मिलने की अनुमति लेने को डीसी से मिली संघर्ष समिति



**खरखौदा।** संघर्ष कमेटी खरखौदा के सदस्य सोमवार को जिला उपायुक्त सुशील सारवान से मिले और 28 दिसम्बर 2025 को मुख्यमंत्री खरखौदा आ रहे हैं और यह खरखौदा क्षेत्र की एक साझी समस्या है कि वो प्रस्तावित किसी भी नए जिले का हिस्सा नहीं बनेंगे। इसी विषय में हर गाँव से 1-2 व्यक्ति मिलना चाहते है तो मुख्यमंत्री के कीमती समय से 5 मिनट का समय निकलवा कर हमारी एक छोटी सी मुलाकात करवाने का कष्ट करें। इस मौके पर रमेश सिसाना, विकेश दहिया रोहणा, बिजेंद्र रोहणा, प्रवेश खांडा, राकेश सिसाना मौजूद रहे।

# सहेली

क्रिसमस स्पेशल



आज समाज, परिवार में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं, लोग दुख-संताप का जीवन जी रहे हैं, ऐसे में प्रभु यीशु के संदेश बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने सभी को एक-दूसरे से प्रेम करने का संदेश दिया ताकि समाज में मानवीय भाव बना रहे। क्रिसमस, यीशु के जन्मोत्सव और उनके दिव्य संदेशों को आत्मसात करने का ही पर्व है।

## प्रभु ईसा मसीह का संदेश बना रहे प्रेम-करुणा का भाव

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

सबका भला चाहने की सरोकारी सोच ही सच्ची संवेदनाओं को पोसती है। क्रिसमस का पर्व ईसा मसीह के ऐसे ही भावपूर्ण संदेशों की याद दिलाता है। यह त्योहार अपनों से लेकर आस-पड़ोस तक, हर जगह करुणा, प्रेम और सकारात्मक जीवन जीने की राह दिखाता है। बिखरते परिवारों और उलझाऊ होती सामाजिक जिंदगी के इस दौर में साथ, संवेदनाएं और सहानुभूति के इमोशंस हर जगह जरूरी हैं। इन भावनाओं का आधार ना केवल बेहतर ढंग से जीने की बुनियाद बनता है बल्कि जीवन की सार्थकता भी समझाता है। यही वजह है कि प्रभु यीशु के विचार, भाव और सुझाव सबके जीवन को सहज बनाने का मार्ग दिखाते हैं।

### सेवा-सम्मान की सोच

हमारी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था आपसी समझ और एक-दूजे की सेवा-सहायता के बिना नहीं चल सकती। ना ही सम्मानजनक परिवेश बनाए बिना स्थितियां सहज रह सकती हैं। ऐसे में प्रभु यीशु के विचार सदा प्रासंगिक हैं। खासकर सेवा और सम्मान का आधार बनाने वाला दया का भाव, उनकी दी हर सीख में शामिल है। करुणा का यह भाव ही इंसानों को सेवाभावी बनाता है। अपनों ही नहीं, परायों की भी पीड़ा समझने और उसे दूर करने में मदद करने की संवेदनाएं जगाता है। प्रभु यीशु का संदेश 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खुद को सहेजते हुए आगे बढ़ना, स्वयं से जुड़कर दूसरों का साथ पाना और खुद की संभाल करते हुए सबका संबल बनना ही तो मानवीय सोच का सबसे सुंदर पहलू है। यही सोच परिवार से लेकर समाज तक, हर जगह सेवाभाव को बढ़ावा देती है। इसी विचार से अपने देश के नागरिकों के साथ अपनेपन भरे जुड़ाव को बल मिलता है। असल में देखा जाए तो सेवाभाव हमें प्रकृति के हर जीव से जोड़ता है। मदद का मानस हो तो हर इंसान छोटी-छोटी सहायता के रूप में कुछ ना कुछ करने की राह निकाल ही लेता है। दूसरों की सेवा करते हुए इंसान स्वयं अपने आप को भी संवार रहा होता है। सच्ची करुणा के साथ किया गया हर काम और बोला गया हर शब्द सहज रूप से हमारे मन-जीवन में भी सकारात्मकता को पोसता है। प्रभु यीशु ने भी सदा गरीब और कमजोर लोगों के लिए करुणा और सहायता का भाव रखा। हम सभी को ईसा मसीह की इस सीख को याद रखना चाहिए, जीवन में अपनाना चाहिए।





### न्यायसंगत व्यवस्था का समर्थन

ईसा मसीह मानवीय मूल्यों को सहेजने के पक्षधर थे। उनकी शिक्षाओं में सभी के लिए न्यायसंगत व्यवस्था बनाने को अहमियत दी गई है। इसके लिए उन्होंने सभी को नैतिक रूप से सबल बनने की सीख दी। असल में नैतिक व्यवहार ही जिंदगी के हर मोर्चे पर न्याय की स्थापना कर सकता है। नैतिकता का भाव सिखाता है कि स्वार्थ साधने के बजाय दूसरों की तकलीफों को समझा जाए। हर हाल में किसी के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया जाए। यीशु का यह भी कहना था कि 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो वैसा व्यवहार उनसे करो।' यह विचार सचमुच महत्वपूर्ण है। किसी एक व्यक्ति का अच्छा व्यवहार किसी दूसरे इंसान के नकारात्मक व्यवहार को भी बदलने की ताकत रखता है। यही पॉजिटिविटी रिश्तों को भी साधने का काम करती है। इसीलिए स्वयं अपने बर्ताव के नेगेटिव रुख को समझना भी आवश्यक है। यीशु का यही कहना है कि यह सकारात्मक बदलाव खुद हमारी ओर से हो। यानी, जैसा व्यवहार हम औरों से चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार हम खुद भी दूसरों के लिए अपनाएं।

### आत्मीयता भरा जुड़ाव

प्रभु यीशु मन से इंसानी भावों को पोसने का संदेश देते हैं। जीवन को सरल बनाने वाले उनके विचार आज के समय में और जरूरी हो चले हैं। हर ओर दिखती स्वार्थपरक सोच और फरेब के खेल में निश्छलता कहीं खो गई है। अपनों के साथ भी जालसाजी की घटनाएं हो रही हैं। सगे-संबंधियों में भी आत्मीयता नहीं बची है। आस-पड़ोस का मेलजोल छीजता दिखता है। कहीं जान-बूझकर तो कहीं अनजाने में दूसरों को पीड़ा पहुंचाई जा रही है। जबकि ईसा मसीह का संदेश 'तुम्हें अपने पड़ोसी से भी स्वयं जैसा ही प्रेम करना चाहिए।' आज की बिखरती सामाजिक व्यवस्था में यह बहुत आवश्यक सूत्र सा लगता है। आस-पड़ोस के लोगों से प्रेम करना हमें एक-दूजे के सुख-दुःख में भागीदार बनाता है। साथ और सुरक्षा का भरोसा जगाता है। जाने-अनजाने कोई भूल हो जाने पर उसे सुधारने का भाव इस आपसी विश्वास को और पुख्ता बना सकता है। यीशु ने भी गलती हो जाने पर पश्चाताप करने का मार्ग सुझाया है। उनका कहना था 'जो गलत हुआ है, उसे स्वीकारें और फिर गलत से हमेशा के लिए दूर रहें।' यह स्वीकार्यता और सकारात्मक सोच ही हमारे मन में प्रेम भाव को कायम रख सकती है।

## क्रिसमस के लिए होम डेकोर आइडियाज

अगर आप क्रिसमस पार्टी प्लान कर रही हैं तो जरूर चाहेंगी कि इस मौके पर आपके घर के डेकोरेशन में भी इस फेस्टिवल की फील आए। हम आपको कुछ ऐसे ईजी और यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आपका होम डेकोर हो जाएगा, क्रिसमस पार्टी के लिए रेडी।

डेकोरेशन
निकिता चौहान



हर फेस्टिवल के हिसाब से घर को सजाना एक आर्ट होता है। जरूरी नहीं कि इसके लिए काफी पैसे खर्च किए जाएं, कुछ आइडियाज से आप अपने घर को क्रिसमस पार्टी के लिए डेकोरेट कर सकती हैं।

**फेयरी लाइट्स लगाएं:** घर में क्रिसमस का फील लाने के लिए सबसे पहले आप अच्छी लाइटिंग करें। क्रिसमस डेकोरेशन को ब्राइट टच देने के लिए आप फेयरी लाइटिंग करवा सकती हैं। इसे आप अपने घर के लिविंग रूम, ड्राइंग रूम और बेडरूम हर जगह लगा सकती हैं। फेयरी लाइट्स में आपको मार्केट में कई तरीके के स्टाइल्स और डिजाइंस मिल जाएंगे। लेकिन क्रिसमस के मौके के अनुसार आप स्टार्स वाली लाइटिंग लगवाएं तो ज्यादा सुटेबल रहेगा।

**क्रिसमस ट्री:** क्रिसमस ट्री के बिना क्रिसमस डेकोरेशन पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए आप घर के किसी एक कोने में क्रिसमस ट्री को सजा सकती हैं। सबसे अच्छा तो यह होगा कि इसे आप पार्टी वाले हॉल या टेरेस में एक कोने पर रखें। इस क्रिसमस ट्री को डिजाइनर लाइट्स के अलावा ब्राइट बॉल्स, डॉल्स, स्टार्स, ब्राइट पेपर, स्ट्रिप्स जैसी डिफरेंट डेकोरेटिव चीजों से डेकोरेट कर सकती हैं। इससे यह और भी अट्रैक्टिव लगेगा। क्रिसमस ट्री, आपके क्रिसमस डेकोरेशन का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन सकता है।



**सॉक्स को हैंग करें:** क्रिसमस के मौके पर डेकोरेशन में सॉक्स को लटकाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि क्रिसमस के दिन अगर सॉक्स के अंदर अपनी विश लिखकर लटका दी जाए तो सांता क्लॉज इन्हें देखकर आपकी विश जरूर पूरा करते हैं। ऐसे में आप अपने होम डेकोर में रेड कलर के सांता क्लॉज वाली सॉक्स लटका सकती हैं। आपको सांता क्लॉज वाले रेड कोजी सॉक्स आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। आप इसे घर की सीढ़िया की दीवार पर या बालकनी के बैकग्राउंड स्पेस में कहीं भी लगा सकती हैं।

**पिलो-कुशन कवर:** क्रिसमस डे के लिए घर को डेकोरेट करते समय आप क्रिसमस इंस्पायर्ड पिलो कवर और कुशन कवर्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। क्रिसमस थीम वाले कवर चुनना सबसे सही रहेगा, जैसे कि लाल और सफेद रंग में बने बारहसिंगे की प्रिंटिंग वाले या देवदार के शंकु आदि के चित्र वाले कवर पिलो और कुशन पर लगा सकती हैं। इनसे आपके घर को कंप्लीट क्रिसमस लुक मिलेगा।



**थीम बेस्ड कैंडल:** क्रिसमस के मौके पर कैंडल डेकोरेशन का भी काफी ट्रेंड है। होम डेकोर के लिए आप क्रिसमस थीम बेस्ड कैंडल ले सकती हैं। ये आपको आसानी से ओपेन मार्केट और ऑनलाइन मिल जाएंगी। आप इन्हें डाइनिंग टेबल, बेडरूम, लिविंग रूम और स्पेशली पार्टी हॉल में अरेंज कर सकती हैं।

**इन कलर्स का ध्यान रखें:** क्रिसमस डेकोरेशन करते समय कलर्स का चयन खूब सोचकर करना चाहिए। जब भी आप घर को सजाएं तो लाल, सफेद और हरे रंग के कलर का इस्तेमाल जरूर करें। इन कलर्स की डेकोरेशन की बड़ी चीजें ही नहीं छोटी चीजों में भी इन्हीं कलर का इस्तेमाल करने से आपका डेकोरेशन आसानी से क्रिसमस के लिए परफेक्ट हो जाएगा।

इस तरह आपका घर क्रिसमस पार्टी के लिए हो जाएगा पूरी तरह डेकोरेट।

## दादा-दादी और बच्चे खूब भाता है एक-दूसरे का साथ

दादा-दादी को बच्चों का साथ सुहाता तो है ही, बच्चों को भी उनका साथ खूब भाता है। बच्चों को उनका एक भावनात्मक संबल मिलता है, दादा-दादी का भी उनके साथ बहुत अच्छा समय बीतता है। साथ ही बच्चों को अपने दादा-दादी से अच्छी शिक्षा मिलती है, वे संस्कारवान बनते हैं।

बच्चे और आप
नम्रता नदीम



पंद्रह साल का विशाल अपने दादा-दादी के साथ बहुत खुश रहता है। जब उसे हॉस्टल भेजा जाने लगा तो उसने अपने मम्मी-पापा से साफ कह दिया कि वह दादा-दादी के बिना हॉस्टल नहीं जाएगा, क्योंकि हॉस्टल में उसे दादा-दादी की बहुत ज्यादा याद आएगी। अंततः हारकर विशाल के मम्मी-पापा ने उसे घर में रहकर पढ़ाना तय किया ताकि वह अपने दादा-दादी के साथ रह सके। इसी तरह एक और उदाहरण, रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी रघुवीर कुमार का अपनी पोती से बहुत ही भावनात्मक रिश्ता है। वह कहते हैं, 'जब मैं एक-दो महीने उसके पास रहकर आता हूं, तो लौटने के बाद मुझे अपनी पोती की बहुत याद आती है। बार-बार यही मन होता है कि फिर से उसके पास चला जाऊं।' यही वजह है रघुवीर दो-तीन दिन में अपनी पोती से फोन पर जरूर बात करते हैं। अगर कभी वह फोन नहीं कर पाते तो उनकी पोती का ही फोन आ जाता है।



**दादा-दादी से बच्चों का गहरा भावनात्मक रिश्ता:** ऊपर दिए दोनों उदाहरण इस बात की पुष्टि करते हैं कि हमारा घर-परिवार दादा-दादी के बिना कभी भावनात्मक रूप से पूर्ण नहीं होता, क्योंकि उनकी कमी हमेशा खटकती है। लेकिन जॉब की मजबूरियों के चलते हाल के दशकों में संयुक्त परिवार बहुत तेजी से विघटित हुए हैं। दादी-दादा को अपने बेटों के परिवार से दूर रहना पड़ता है। इस अलगाव के बावजूद दादा-दादियों और पोते-पोतियों के बीच लगाव बना रहता है। यही वजह है कि अकसर बच्चे अपने दादा-दादी से मिलने की इच्छा रखते हैं। साठ वर्षीया रामकुमारी भावुक स्वर में कहती हैं, 'भले ही मेरे बेटे और पोता-पोती मुझसे दूर रहते हैं, लेकिन दूरी से मेरी ममता में कोई कमी नहीं आई है बल्कि यह बढ़ गई है। मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अपने पोते और पोती को देखने चली जाती हूं। वे दोनों मुझे पाकर बहुत खुश होते हैं। जिन दिनों मैं उनके साथ रहती हूं, उन दिनों वे अपनी मम्मी-पापा से कहीं ज्यादा मेरे साथ समय बिताते हैं। इससे मेरा पूरा दिन कैसे कट जाता है, पता ही नहीं चलता।' जिन घरों में बच्चे, दादा-दादी के साथ रहते हैं, वहां ज्यादातर दादा-दादी बच्चों पर पूरा ध्यान रखते हैं। दिनभर बच्चों के साथ रहना, उन्हें कहानियां सुनाना, उन्हें बाजार ले जाना जैसे तमाम काम वे बच्चों के साथ मिल-जुलकर करते हैं। दादी-दादा बच्चों के साथ एकदम बच्चे बन जाते हैं। वे उनके साथ घुल-मिलकर खेलते हैं। इससे दोनों के बीच में भावनात्मक लगाव बढ़ता है। कुछ दादा-दादी बच्चों के खेलने-कूदने के साथ ही उन्हें अच्छे उपहार भी देते हैं। इससे उन्हें खुशी मिलती है और बच्चे भी बहुत खुश होते हैं।

**बुजुर्ग हैं बच्चों के भावनात्मक संबल:** बारह साल की अनुष्का के दादा-दादी नहीं हैं। उसे अपने नाना-नानी से बेहद प्यार है। उसकी नानी कुछ दिन आकर जब उनके साथ रहती हैं, तो उसे उन दिनों बहुत अच्छा लगता है। क्योंकि नानी उस पर अपना पूरा प्यार बरसाती हैं। उसे कई उपहार भी देती हैं। अनुष्का को दादा-दादी के बारे में ज्यादा कुछ याद नहीं है, लेकिन उसकी नानी से उसका गहरा लगाव है। आठ साल की मानसी की तो जान ही अपने दादा-दादी में बसती है। उसके दादा उसके साथ हर खेल खेलते हैं। वे उसे पढ़ाते हैं। आजकल वर्किंग कपल्स के पास इतना समय कहां होता है कि वे अपने बच्चों को ज्यादा समय दे सकें, उनके साथ भरपूर समय बिता सकें। ऐसे में बच्चों के लिए दादा-दादी उनके लिए एक बड़ा भावनात्मक संबल होते हैं।

## फॉलो करें ये मेकअप स्टेप्स मिलेगा ग्लैमरस पार्टी लुक

मेकअप
सरिता गुप्ता

जब मौका हो क्रिसमस पार्टी में शामिल होने का तो आप जरूर चाहेंगी कि आपका मेकअप लुक भी ग्लैमरस नजर आए। यहां आपको पार्टी स्पेशल मेकअप स्टेप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में ग्लैमरस पार्टी लुक पा सकती हैं।

**स्किन को तैयार करें:** सबसे पहले हल्के फेसवॉश से चेहरा साफ करें, ताकि सारी धूल और ऑयल हट जाए। इसके बाद टोनर लगाकर स्किन को रीफ्रेश करें। अब मॉयश्चराइजर लगाएं, जिससे स्किन में नमी बनी रहे। अगर आपकी स्किन ड्राय है, तो हाइड्रेटिंग सीरम का उपयोग करें। वहीं ऑयली स्किन के लिए जैल-बेस्ड मॉयश्चराइजर सही माना जाता है। इसके बाद प्राइमर लगाएं, ताकि आपके मेकअप का बेस स्मूद बने और स्किन पोर्स कम दिखें।

**फाउंडेशन-कंसीलर:** बेस मेकअप बिल्कुल नेचुरल और फ्लॉलेस होना चाहिए। अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन लें और स्पंज या ब्रश से अच्छी तरह इसे ब्लेंड करें। कंसीलर का इस्तेमाल आंखों के नीचे के डार्क सर्कल, पिंपल स्पॉट और पिगमेंटेशन पर करें। इसे हल्के से टैप करें। जरूरत हो तो लोअर फेस पर थोड़ा कॉन्टूरिंग कर सकती हैं। इससे चेहरा डिफाइंड-शार्प दिखता है।



**आई मेकअप:** आई मेकअप को थोड़ा बोल्ड और फेस्टिव स्टाइल में करें। गोल्ड, कॉपर, रेड या ग्रीन शेड्स क्रिसमस थीम के लिए परफेक्ट रहते हैं। सबसे पहले न्यूट्रल ब्राउन शेड से क्रीज पर हल्का बेस बनाएं। अब पलक पर गोल्ड या शिमरी रेड आईशैडो लगाएं। बाहरी कोने (आउटर कॉर्नर) पर डार्क ब्राउन या ब्लैक से डीप स्मोकी इफेक्ट दें। ताकि आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखें। ग्लिटर लाइनर भी यूज कर सकती हैं।

**ब्लश-हाईलाइटर:** ब्लश आपके चेहरे में ताजगी और रंगत जोड़ता है। क्रिसमस पार्टी के लिए पिंक या पीच टोन का ब्लश लगाएं। इसे चीक बोंस पर हल्के हाथ से अपवर्ड डायरेक्शन में अप्लाई करें। इसके बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। नाक की टिप, चीकबोन और क्यूपिड बो पर हल्का हाईलाइटर लगाने से चेहरा ग्लो करता है।

**लिपस्टिक:** क्रिसमस लुक में रेड लिपस्टिक क्लासिक ऑप्शन है। अगर आप बोल्ड लिप्स पसंद करती हैं, तो रेड, मैरून या बेरी टोन चुनें। यदि आपका आई मेकअप पहले से ही बोल्ड है, तो लिप्स पर सॉफ्ट पिंक या न्यूड शेड भी बहुत खूबसूरत लगेगा।

**सेटिंग स्प्रे:** सारा मेकअप करने के बाद सेटिंग स्प्रे लगा लें। यह आपके मेकअप को लंबे समय तक स्मज होने से बचाता है और आपको देता है फ्रेश, ग्लैमरस पार्टी लुक।

**(मेकअप आर्टिस्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**

## कई बच्चों को हो रही मायोपिया की समस्या



अनेक वजहों से आजकल कई बच्चे मायोपिया (कमजोर नजर) की समस्या से ग्रस्त होने लगे हैं। इसकी वजहों और लक्षणों के साथ इससे बचने के तरीके के बारे में भी यहां डिटेल में बता रहे हैं।

प्रिकॉशन
निकिता

चालीस-पचास की उम्र के बाद नजर कमजोर होना सामान्य है लेकिन चिंता की बात है कि आजकल अनेक बच्चे भी कमजोर नजर की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। बच्चों में होने वाली आंखों से जुड़ी समस्या मायोपिया में वह पास की वस्तुएं साफ देख पाता है, लेकिन दूर की चीजें धुंधली दिखाई देती हैं। समय पर ध्यान न देने से यह समस्या और बढ़ सकती है और आगे चलकर बच्चे की पढ़ाई, खेल-कूद और उसके व्यक्तित्व को भी प्रभावित कर सकती है।

**मायोपिया के कारण:** बच्चों में मायोपिया होने के कई कारण हो सकते हैं।

**लंबे समय तक स्क्रीन देखना:** मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग आंखों पर दबाव डालता है।

**पढ़ाई या नजदीकी काम में ज्यादा समय:** लगातार किताब पढ़ना या लिखना भी मायोपिया को बढ़ावा देता है।

**प्राकृतिक रोशनी की कमी:** बच्चों का पर्याप्त समय धूप में न बिताना आंखों की सेहत पर असर डालता है।

**आनुवांशिक कारण:** अगर माता-पिता की नजर कमजोर है तो बच्चों में मायोपिया होने की आशंका अधिक रहती है।

**मायोपिया के लक्षण:** अगर आपके बच्चे को मायोपिया है तो उसे आप इन लक्षणों से पहचान सकती हैं।

- दूर की वस्तुएं धुंधली दिखना।
- टीवी या क्लास में ब्लैक बोर्ड पर लिखे हुए शब्दों को देखने में परेशानी होना।
- बार-बार आंखें मिचमिचाना।
- कुछ भी पढ़ते समय या लिखते समय सिरदर्द होना।
- किताब को बहुत पास से पढ़ना।



**बचाव के उपाय:** अपने बच्चे को मायोपिया से बचाने के लिए आप कुछ सुझावों पर अमल कर सकती हैं।

**स्क्रीन टाइम नियंत्रित करें:** छोटे बच्चों को टीवी देखने और मोबाइल चलाने का समय सीमित रखें।

**बच्चों को बाहर खेलने दें:** रोजाना कम से कम 1-2 घंटे प्राकृतिक रोशनी में बच्चे को समय बिताना जरूरी है।

**सही दूरी से पढ़ाई:** किताब और आंखों के बीच 30-40 सेमी. की दूरी बनाए रखें।

**संतुलित आहार:** हरी सब्जियां, फल, विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट आंखों की सेहत के लिए लाभकारी है।

**नियमित नेत्र परीक्षण:** समय-समय पर आंखों की जांच करवाना चाहिए, ताकि शुरुआती अवस्था में समस्या पकड़ में आ सके।

**ना बरतें लापरवाही:** आज के दौर में बच्चो में मायोपिया एक आम स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। लेकिन सही जीवनशैली और समय पर जांच से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। पैरेंट्स को चाहिए कि वे अपने बच्चों की आंखों की देखभाल में लापरवाही न बरतें और कोई भी लक्षण नजर आने पर तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें।

**(फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग, दिल्ली के सीनियर डायरेक्टर, यूनिट हेड-पीडियाट्रिक्स डॉ. विवेक जैन से बातचीत पर आधारित)**



## किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित किया

**सोनीपत।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जगदीशपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में प्राकृतिक खेती पर जिला स्तरीय एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के संयोजक वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. परमिंदर सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लिये प्रेरित किया। कहा कि पैदावार बढ़ाने की होड़ में हम बीमारियों की फसल उगा रहे हैं। डॉ. परमिंदर मलिक ने किसानों को जीवामृत, घनजीवामृत आदि बनाने की विधियों के बारे में बताया।

## दिल्ली विद्या पीठ में वार्षिक खेल समारोह

**सोनीपत।** दिल्ली विद्या पीठ में वार्षिक खेल समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय संचालक वीर सिंह सैनी ने बच्चों में जोश और उमंग बढ़ाने के लिए खेलों का महत्व बताते हुए कहा कि वर्तमान समय में खेल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान का माध्यम बन गए हैं। खेल खेलने से हमें व्यायाम और मनोरंजन दोनों एक साथ मिल जाते हैं। बच्चों को अपनी रुचि के अनुसार खेलों का चयन करके उनमे अपनी प्रतिभा दिखानी चाहिए। इसके बाद प्रियदर्शन सैनी ने हेड बाय और हेड गर्ल और सभी वालन्टियरस के साथ मशाल प्रज्वलित करके तीन दिन का खेल समारोह का शुभारंभ किया।



## महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास को किया याद

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय, खरखौदा में प्राचार्या डॉ. तराना नेगी के मार्गदर्शन तथा डॉ. किरण सरोहा की अध्यक्षता में गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस का आयोजन किया गया। दिवस महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में प्रतिवर्ष 22 दिसंबर को मनाया जाता है। इस दिवस का उद्देश्य विद्यार्थियों में गणित के प्रति रुचि जागृत करना तथा गणित के महत्व को रेखांकित करना है। इस वर्ष राष्ट्रीय गणित दिवस की थीम गणित : नवाचार और विकास की कुंजी रही। कार्यक्रम का सफल आयोजन गणित विभाग से डॉ. शालिनी द्वारा निशा के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि देने के साथ हुई।

## बच्चों को जर्सियां, जूते जुराब व टोपी वितरित

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन द्वारा सोमवार को बधिर स्कूल, न्यू कोर्ट रोड, सोनीपत में एक सेवा अभियान भंडारा अब पढ़ाई के सामान अभियान के अंतर्गत 72 बधिर (जन्म से गूंगे व बहरे) बच्चों को जर्सी, जूते, जुराब व टोपी वितरित की गई। इस अवसर पर संस्था के प्रधान संजय सिंगला व चेयरमेन वाई के त्यागी ने बताया कि जरूरतमंद बच्चों को ठंड से बचाने हेतु यह अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में सतीश ठेकेदार, हेमंत गर्ग, सीएस राहुल, अविनाश सेठी आदि मौजूद रहे।

### कोई मतदाता न छूटे थीम पर आज जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन

# भाषण, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में 103 छात्र दिखाएंगे प्रतिभा

- हिंदू कन्या महाविद्यालय में सजेगी रंगोली और खंड स्तर पर बनेगी चुनावी पोस्टर
- कन्या विद्यालय में जुटेगा जिलाभर के नन्हे लोकतंत्र प्रहरियों का हुजूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत




लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने और भविष्य के नागरिकों को मतदान के महत्व से जोड़ने के लिए प्रशासन और जिला शिक्षा विभाग ने एक विशेष पहल की है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 23 दिसंबर को जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं का महाकुंभ आयोजित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को यह समझाने का प्रयास किया जाएगा कि किस प्रकार मतदान लोकतंत्र की मजबूती का सबसे सशक्त माध्यम है और एक सजग मतदाता राष्ट्र निर्माण में क्या भूमिका निभाता है। इस आयोजन के लिए जिला के विभिन्न राजकीय विद्यालयों के 103 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण करवाया है। विभाग की ओर से यह सुनिश्चित किया गया है कि इन प्रतियोगिताओं का विषय पूरी तरह से लोकतांत्रिक मूल्यों पर आधारित हो। मुख्य प्रतियोगिताओं का केंद्र मुरथल अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को बनाया गया है जहां मंगलवार सुबह 11 बजे से भाषण, निबंध लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आगाज होगा। इस आयोजन का असली उद्देश्य युवा पीढ़ी के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक यह संदेश पहुंचाना है कि लोकतंत्र में एक वोट की क्या कीमत होती है। जब विद्यार्थी इन विषयों पर शोध करेंगे, भाषण तैयार करेंगे या पोस्टर बनाएंगे, तो वे स्वयं भी एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित होंगे। जिला प्रशासन का मानना है कि युवाओं के माध्यम से लाई गई जागरूकता अधिक प्रभावी और दूरगामी होती है।

### प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण

मजबूत लोकतंत्र के निर्माण के लिए प्रत्येक वोट महत्वपूर्ण है। मतदान के बिना मजबूत लोकतंत्र का निर्माण नहीं हो सकता। मतदान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता लाना अनिवार्य है। इसी उद्देश्य के लिए राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में 23 दिसंबर को जिला व खंड स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी, ताकि विद्यार्थियों में जागरूकता लाई जा सके।
**-नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी**

### रंगोली प्रतियोगता होगी

सिर्फ विद्यालय स्तर ही नहीं बल्कि उच्च शिक्षण संस्थानों को भी इस अभियान से जोड़ा गया है। हिंदू कन्या महाविद्यालय में जिलास्तरीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा जिसमें जिलाभर के महाविद्यालयों के विद्यार्थी कला के माध्यम से मतदान के संदेश को उकेरेंगे। रंगोली के चटक रंगों के जरिए यह बताने की कोशिश की जाएगी कि मतदाता जागरूकता केवल एक सरकारी अभियान नहीं बल्कि एक सामाजिक उत्सव है।

### दोनों श्रेणियों में होगी पोस्टर बनाओ स्पर्धा

इसी के साथ समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत राजकीय और निजी दोनों ही श्रेणियों के विद्यालयों के लिए खंड स्तर पर पोस्टर बनाओ स्पर्धा का आयोजन भी 23 दिसंबर को ही होगा। सोनीपत खंड के लिए गढ़ी ब्राह्मणान स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और मूल्यांकन के लिए विभाग ने एबीआरसी, पीआरटी और पीजीटी कला शिक्षकों की विशेष टीमें गठित की हैं। अकेले सोनीपत खंड के लिए 7 अनुभवी शिक्षकों की टीम नियुक्त की गई है जो विद्यार्थियों की कलात्मक क्षमता का आकलन करेगी।

### निबंध लेखन के लिए 59 प्रतिभागियों का नामांकन

प्रतियोगिताओं के विवरण पर नजर डालें तो राजकीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। निबंध लेखन प्रतियोगिता के प्रति विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है जिसमें सर्वाधिक 59 प्रतिभागियों ने नामांकन कराया है। वहीं भाषण प्रतियोगिता में 27 विद्यार्थी अपने ओजस्वी विचारों से मतदान के महत्व पर प्रकाश डालेंगे और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में 17 विद्यार्थी चुनावी प्रक्रिया से जुड़े अपने ज्ञान की परीक्षा देंगे।



सोनीपत। राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए सीपीआईएम जिला सचिव साथ में प्रदर्शनकारी। फोटो : हरिभूमि

# मनरेगा बहाली की मांग को लेकर सीपीआईएम का धरना

- 600 रुपये दिहाड़ी तय करने, वीबीजी राम जी कानून रद्द करने और ककरोई गांव की समस्याओं के समाधान की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सीपीआईएम जिला कमेटी सोनीपत ने सोमवार को मनरेगा को बहाल करने और अन्य स्थानीय मांगों को लेकर उपायुक्त कार्यालय पर धरना दिया। धरने का नेतृत्व सीपीआईएम जिला सचिव आनंद शर्मा ने किया। उन्होंने केंद्र सरकार पर मनरेगा को कमजोर करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन यानी वीबीजी राम जी कानून को बिना पर्याप्त बहस और संसदीय स्थायी समिति को भेजे पारित किया गया। उन्होंने इसे तानाशाही प्रवृत्ति और बहुमत की धक्काशाही करार दिया। महात्मा गांधी के नाम को हटाना वैचारिक संकीर्णता और अपमान का प्रतीक बताया । सीपीआईएम ने मांग की कि वीबीजी राम जी कानून को रद्द किया जाए, मनरेगा को बहाल कर समृद्ध किया जाए और मजदूरों को 200 दिन काम के साथ 600 रुपये प्रतिदिन की दिहाड़ी सुनिश्चित की जाए। इस संबंध में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया। वहीं उपायुक्त के नाम दूसरे ज्ञापन में ककरोई की समस्याएं उठाई। बताया गया कि 15 साल पहले आवंटित 100 गज के प्लॉटों में गंदे पानी की निकासी से निर्माण संभव नहीं है और कृषि भूमि भी बर्बाद हो रही है। बीपीएल कार्ड काटने, कुम्हारों को दी जमीन पर कब्जा, जूआं सीएचसी को फिरोजपुर बांगर से जोड़ने से गर्भवती महिलाओं और आशा वर्करों की परेशानी का मुद्दा भी उठाया गया।

### सभी की सहमति से बना मनरेगा कानून

आनंद शर्मा ने कहा कि मनरेगा कानून सभी की सहमति से और व्यापक बहस के बाद बना था, लेकिन नए कानून में रोजगार के अधिकार का संवैधानिक दर्जा समाप्त कर दिया गया है। नया कानून न तो सार्वभौमिक है और न ही मांग आधारित रोजगार की गारंटी देता है। पिक सीजन में 60 दिन काम न देना, राज्यों पर अतिरिक्त वित्तीय भार डालना और केंद्र की जिम्मेदारी से बचना ग्रामीण गरीबों को रोजगार से वंचित करेगा।

# जीवन में सफलता के लिए नशे से दूर रहें : सूरत शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

जवाहर लाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे एनएसएस के सात दिवसीय शिविर में सोमवार को तीसरे दिन नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों के नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया गया। मार्गदर्शन विद्यालय के एमडी सुनील शर्मा ओर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा का रहा।

मुख्य वक्ता उप प्राचार्य सूरत शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि अगर वे जीवन में सफल बनना चाहते हैं तो नशे से दूर रहें। नशा शरीर और बुद्धि का विनाश करता है। प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने विद्यार्थियों को न केवल स्वयं नशे से दूर रहने, बल्कि अपने साथियों, रिश्तेदारों एवं परिचित व्यक्तियों को भी नशे से दूर करने के लिए जागरूक करें।

कार्यक्रम में दूसरी एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी चिराग जैन, स्वयंसेवक और स्वयंसेविकाएं दिक्षा, रौनक, गौतम, मधु, रोमित, समीर, नवीन, सारिका, खुशबू, दिव्या, आर्यन, भूमि, योगिता, गुंजन, दिव्या औरं इच्छा ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# समाज के सक्षम वर्ग को गरीब लोगों की मदद में सहयोग करना चाहिए: कादियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर

बड़ी रोड स्थित जन कल्याण समिति द्वारा सर्दी के मौसम में गरीब व जरूरतमंदों को 135 रजाई वितरण का कार्य किया गया। विधायक देवेंद्र कादियान ने मुख्यातिथि व विशिष्ट अतिथि सतपाल बंसल ,मदन जैन ने शिरकत की। विधायक देवेन्द्र कादियान ने संस्था द्वारा समाजहित में किए जा रहे इस पुनीत कार्य की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज के कमजोर वर्ग को संबल मिलता है। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में रजाई वितरण जैसे कार्यक्रम असहाय लोगों के लिए बड़ी राहत होते हैं और समाज के सक्षम वर्ग को आगे आकर ऐसे कार्यों में सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सनत जैन, राजेंद्र जैन, अंकित मल्होत्रा,हरीश बधवा,पवन त्यागी एवं डॉ. जोगेंद्र का सहयोग रहा। संस्था के अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र कुकरेजा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि समिति का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाना है।



गन्नौर। विधायक देवेन्द्र कादियान समिति के पदाधिकारियों के साथ रजाई वितरण करते हुए।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर संस्था के उपप्रधान दीपक बजाज, प्रीतम आहूजा, सचिन, रमेश कुमार, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद्र, उमेश गुंयती, परियोजना अध्यक्ष संजीन डावड़ा एवं सुरेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मानव सेवा ट्रस्ट ने वितरित किए कंबल

- मेयर का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

सर्दियों की ठिठुरन के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने और मानवता की सेवा के संकल्प को साकार करने हेतु मानव सेवा ट्रस्ट द्वारा मॉडल टाउन स्थित मानव सेवा ट्रस्ट लाइब्रेरी में निःशुल्क मिंक कंबल वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व ट्रस्ट के अध्यक्ष सुमीत अलख एवं मानव सेवा ट्रस्ट की टीम ने किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य सर्दी के मौसम में उन लोगों तक सहायता पहुंचाना था, जिनके पास ठंड से बचाव के पर्याप्त साधन नहीं हैं। कंबल वितरण के दौरान लोगों के लिए चाय, बिस्कुट एवं मिठाई की भी व्यवस्था की गई।

इस अवसर पर सोनीपत के मेयर राजीव जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर अध्यक्ष सुमीत अलख एवं मानव सेवा ट्रस्ट की टीम द्वारा उनका फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया।



सोनीपत। जरूरतमंदों को कंबल का वितरण करते हुए मेयर राजीव जैन।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम के दौरान महासचिव एवं उपाध्यक्ष राकेश शर्मा, मोहनिंदर पाल वशिष्ठ, पालाराम, विजय मलिक, प्रेम नारंग, मोहनिंदर खुराना, संजय अरोड़ा, राम प्रकाश हुड्डा, यशपाल दुडेजा, एम.जी. रंजन, जुगल ज्योति, अरुण धमीजा, कृष्ण पाल शर्मा, नरेश नासा, राकेश मल्होत्रा, राज कुमार, रुशंक अलख, सुनील मुसाफिर, संजीव, राजेश हासिजा, युवराज कालरा, हरिचंद एवं कश्मीरी लाल प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# शिविर में 45 नागरिकों ने बटोरा रक्तदान का पुण्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना

शहर में सोनीपत मार्ग टी-प्वाइंट पर भगवान परशुराम चौक में सोमवार को आयोजित वाई फॉर डी संस्था के शिविर में 45 नागरिकों ने रक्तदान का पुण्य बटोरा। शिविर में दो युवकों ने पहली बार रक्तदान किया। वाई फॉर डी सामाजिक कार्यों में एक अग्रणी संस्था है। संस्था द्वारा सोमवार को भागराम ट्रस्ट के सहयोग से भगवान परशुराम चौक में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर के मुख्य अतिथि विजय जिंदल थे। अध्यक्षता कुलदीप कौशिक ने की और संयोजन उषा कौशिक का रहा। शिविर में विशेष रक्तदाताओं में अवंत कुमार रहे। नियमित रक्तदाताओं में रणबीर, संदीप, खुशाल, सुशील, देवेन्द्र बल्हरा, सिद्धार्थ बांगड़, राजेश कुमार, राजेश सहगल, बिजेंद्र, प्रवीन, रोहतास, विकास, साहिल पांचाल, पारस कटारिया, रिंकू और सुमित धनखड़ ने रक्तदान किया। शिविर में अंकित और रोहित ने पहली बार रक्तदान किया।




## खबर संक्षेप

### जेकेआर स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया

**गोहाना।** सोमवार को महम रोड स्थित जेकेआर पब्लिक में श्रीनिवास रामानुजन के जन्मदिवस के उपलक्ष में राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गणित विषय पर स्किट, कविता पाठ व प्रश्नोत्तरी गतिविधियों से गणित के सूत्रों और सिद्धांतों को रोचक तरीके से प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा की झलक दिखाई। मार्गदर्शन स्कूल के एमडी राजबीर राठी का रहा। संयोजन विद्यालय के शिक्षा निदेशक महेन्द्र पाराशर ने किया। मुख्य वक्ता आकाश इंस्टिट्यूट से प्रवीण मनचंदा, अनुभव जैसवाल व मंजीत रहे। अनुभव जैसवाल ने कहा कि गणित हमारे दैनिक जीवन का अहम हिस्सा है। चाहे वह खाना पकाना हो, खरीदारी करनी हो या फिर समय देखना हो गणित हर जगह है। विद्यार्थी गणित विषय को लेकर मेहनत करके अपने कॅरियर का निर्माण कर सकते हैं। गणित विषय की पढ़ाई करने के बाद बेरोजगारी की चिंता समाप्त हो जाती है। इस अवसर पर प्राचार्या नीतू, संगीता मुंजाल, राजेंद्र गुप्ता, सुभाष और सुनील उपस्थित रहे।







### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भूपेश ने मारी बाजी

**सोनीपत।** छोटू राम आर्य महाविद्यालय में गणित विभाग द्वारा गणित दिवस के अवसर पर सुप्रसिद्ध महान गणितज्ञ रामानुज के जन्मदिन दिवस के अवसर पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सभी विभागों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा एमएससी फाइनल ईयर से भूपेश ने प्रथम स्थान, वंदना ने द्वितीय स्थान तथा सविता ने तृतीय स्थान वह गौरव ने चतुर्थ स्थान प्राप्त करके अपने कॉलेज का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राजनीति विज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. उषा दहिया व गणित विभाग की प्राध्यापिका सुमन ने निभाई। इस अवसर पर कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. प्रमिला व गणित विभाग के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे तथा सभी ने महान गणितज्ञ रामानुज को पुष्प अर्पित करते हुए गणित में उनके योगदान को याद किया। साथ ही प्राचार्य डॉ. जितेंद्र फोर ने गणितज्ञ रामानुजाचार्य को माल्यार्पण करते हुए उनके योगदान को याद किया वह बच्चों को गणित की उपयोगिता के बारे में बताया।



### अर्जित कौशल का उपयोग कर जीवन में आगे बढ़ें

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कॉलेज की इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में एमएसएमई करनाल के विशेष सहयोग से आयोजित तीस दिवसीय कटिंग एंड स्टिचिंग सर्टिफिकेट कोर्स का सोमवार को सफल और भव्य समापन हुआ। यह कोर्स 4 नवंबर से संचालित किया जा रहा था, जिसमें महिलाओं को सिलाई-कढ़ाई के व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राई इंडस्ट्रियल एरिया के प्रेसिडेंट राकेश छाबड़ा रहे। समापन अवसर पर संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने कोर्स पूर्ण करने वाली महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अर्जित कौशल का उपयोग कर अपने जीवन में आगे बढ़ें और स्व-रोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं। इस अवसर पर एमएसएमई करनाल की असिस्टेंट डायरेक्टर नीतू सरोहा एवं यंग प्रोफेशनल आरती भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान 24 प्रतिभागियों को विधिवत सर्टिफिकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में आईआईसी के संयोजक डॉ. प्रवीण शर्मा सहित सहयोगी प्राध्यापिकाएं डॉ. रेनू, मिस प्रीति, डॉ. प्रगति एवं डॉ. तमन्ना भी उपस्थित रहीं।

**बैठक** वाजपेयी ने लोकतंत्र, सुशासन, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को सदैव सर्वोपरि रखा: उपायुक्त

# भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की101वीं जयंती को अटल स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाएगा : सारवान

- 25 दिसंबर को शिक्षण संस्थानों, नगर निकाय कार्यालयों,सरकारी अस्पतालों सहित अन्य जगह आयोजित होंगे अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती को जिला प्रशासन द्वारा अटल स्मृति दिवस के रूप में भव्य एवं गरिमामय ढंग से मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को उनकी जयंती के अवसर पर जिले के सभी शिक्षण संस्थानों, नगर निकाय कार्यालयों, सरकारी अस्पतालों एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जिनके उनके जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।




सोनीपत। बैठक के दौरान मौजूद अधिकारी साथ में भाजपा पदाधिकारी।

25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित अटल स्मृति दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त सुशील सारवान ने अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें जरूरी दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय राजनीति के ऐसे महान व्यक्तित्व थे, जिन्होंने लोकतंत्र, सुशासन, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को सदैव सर्वोपरि रखा।

उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थानों में अटल जी के जीवन पर आधारित भाषण प्रतियोगिता, निबंध लेखन, कविता पाठ, विचार गोष्ठी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं नगर निकाय कार्यालयों में उनके जीवन में प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके अलावा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों के विकास के लिए उनके द्वारा किए गए ऐतिहासिक कार्यों को किसानों तक पहुंचाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एसडीएम गोहाना अंजलि श्रोत्रिय, एसडीएम सोनीपत सुभाष चंद्र, डीआरओ सुशील शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, डीडीपीओ मनीष मलिक, कृषि विभाग के उप-निदेशक डॉ. पवन शर्मा, कार्यक्रम की संयोजक सुमित्रा चौहान, भाजपा जिला महामंत्री तरूण देवीदास आदि मौजूद रहे।

## इंडोर स्टेडियम बनाकर कुश्ती, कबड्डी और बास्केटबाल खेलने की दी जाए सुविधा : मदान

# शून्य काल में गूंजा सुभाष स्टेडियम और सेक्टर 4 के स्टेडियम में खेल सुविधाएं बढ़ाने का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सोमवार को हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में शून्य काल के दौरान विधायक निखिल मदान ने सोनीपत विधानसभा में खेल सुविधाओं को बढ़ाने की मांग उठाई। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत शहर के मध्य में स्थित सुभाष स्टेडियम में कुश्ती, कब्बड्डी, बास्केटबॉल व हैंडबॉल खेलों हेतु आधुनिक इंडोर स्टेडियम बनाने की जरूरत है। खिलाड़ियों के लिए आधुनिक जिम, शौचालयों व ड्रेसिंग रूम की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है। सोनीपत सेक्टर 4 स्टेडियम में हॉकी के लिए एस्ट्रो टर्फ का नए सिरे से नवनिर्माण और नवीनीकरण, एथलेटिक्स ट्रैक का बिल्कुल नये सिरे से नवीनीकरण करना बेहद आवश्यक है। साथ ही दोनों मैदानों की पुरानी खराब हो चुकी पिचों का बदलना, हाकी मैदान में गोल पोस्टों का बदलना, हाकी मैदान में खिलाड़ियों के लिए वार्म अप की जगह की व्यवस्था, दर्शकों के बैठने के लिए बेहतरीन व्यवस्था, हाकी मैदानों के चारों ओर की मजबूत व टिकाऊ तारबंदी कर इसका ओर अधिक विस्तार करने की जरूरत है।

### आधुनिक उपकरणों की जरूरत

एस्ट्रो टर्फ हाकी मैदान में पानी डालने के लिए ट्यूबवेल का नवीनीकरण, एस्ट्रो टर्फ पर पानी डालने हेतु आधुनिक उपकरण दिए जाने की आवश्यकता है। साथ ही खिलाड़ियों के लिए आधुनिक शौचालयों, ड्रेसिंग रूमों की व्यवस्था विशेषकर महिला खिलाडियों के लिए एवं सभी खिलाड़ियों व प्रशिक्षको हेतु साफ पीने के पानी की व्यवस्था करना बेहद जरूरी है। विधायक निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा और खेल कौशल के दम पर पूरे विश्व में सोनीपत, हरियाणा और देश का नाम रोशन किया है ऐसे में सरकार से अनुरोध है कि खिलाड़ियों की सभी जायज मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।


सोनीपत। विधानसभा सत्र के दौरान अपनी बात रखते हुए विधायक निखिल मदान।

### विधायक गहलावत ने उठाईं दो अहम जनहित मांगें

राई। हरियाणा विधानसभा के सत्र के दौरान राई विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत ने क्षेत्र से जुड़ी दो महत्वपूर्ण जनहित की मांगों को मजबूती के साथ सदन में उठाया। उन्होंने शहीदों के सम्मान और भावी पीढ़ियों में देशभक्ति की भावना को सुदृढ़ करने की दृष्टि से दोनों विषयों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया और शीघ्र निर्णय की मांग की। विधायक कृष्णा गहलावत ने सदन में सबसे पहले बहालगढ़ से गढ़ मिरकपुर तक जाने वाली प्रमुख सड़क का नामकरण शहीद उधमी राम के नाम पर किए जाने का प्रस्ताव रखा। विधायक ने गांव लिवासपुर में स्थित विद्यालय का नाम शहीद उधमी राम के नाम पर रखने की मांग सदन में उठाई। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिरों का नामकरण यदि शहीदों के नाम पर हो, तो विद्यार्थियों में बचपन से ही देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना विकसित होती है। विधायक कृष्णा गहलावत ने सत्र में कहा कि शहीद उधमी राम ने देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया और उनका नाम क्षेत्र के सार्वजनिक स्थलों व शैक्षणिक संस्थानों से जुडना गर्व की बात होगी। विधायक गहलावत ने कहा कि सरकार द्वारा सकारात्मक निर्णय लेने से जनभावनाओं को बल मिलेगा। सदन में मांगों को गंभीरता से सुना गया।


राई। विधायक कृष्णा गहलावत सत्र में क्षेत्र की आवाज उठाते हुए।

*बरोदा हलका के विधायक इंदुराज नरवाल ने शीतकालीन विधानसभा सत्र में उठाई आवाज*

## जिलाध्यक्ष नियुक्त हो सकता है तो गोहाना जिला क्यों नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

भाजपा द्वारा गोहाना में पार्टी के जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की जा चुकी है। ऐसे में साफ जाहिर है कि भाजपा द्वारा गोहाना को राजनीतिक रूप से जिला मान लिया गया है। ऐसे में अधिकारिक रूप से गोहाना को जिला घोषित करने में भला क्या आपत्ति है। बरोदा विधानसभा के विधायक इंदुराज नरवाल ने यह मांग विधानसभा के शीतकालीन सत्र में उठाई। इंदुराज नरवाल ने कहा कि हांसी जैसे कस्बे को जिला बनाना और गोहाना को उसका यह पुराना हक न देना भाजपा की मंशा पर सवाल खड़े करता है। इससे जाहिर होता है कि भाजपा नहीं चाहती कि गोहाना का विकास हो। वे बोले कि वर्ष 1826 में स्थापित ऐतिहासिक गोहाना सबसे पुरानी तहसील है। ऐसे में गोहाना को प्राथमिक आधार पर जिला बनाना चाहिए था। लेकिन ऐसा न होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।


गोहाना। विधानसभा में गोहाना को जिला बनाने की मांग उठाते हुए विधायक इंदुराज नरवाल।

### भाजपा ने किए झूठे वादे

भाजपा कई बार गोहाना को जिला बनाने का झूठा वायदा कर चुकी है। विधायक इंदुराज नरवाल ने कहा कि सबसे चिंताजनक बात यह है कि गोहाना से विधायक एवं मंत्री होने के बावजूद डॉ. अरविंद शर्मा इस विषय को लेकर गंभीर नहीं हैं। उनमें क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर भी इच्छाशक्ति की कमी नजर आ रही है। सरकार को चाहिए कि वह गोहाना की ऐतिहासिक, भौगोलिक और जनसंख्या संबंधी पात्रता को ध्यान में रखते हुए इसे शीघ्र जिला घोषित करे।

*विभागीय सुस्ती पर बरसे विधायक, कहा- तालमेल की कमी से लटके गन्नौर के प्रोजेक्ट*

## कादियान ने बाईपास के लिए सुझाया नहरी मार्ग का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के अंतिम दिन सोमवार को गन्नौर के विधायक देवेंद्र कादियान ने क्षेत्र की समस्याओं को पुरजोर तरीके से सदन के पटल पर रखा। विधायक ने शहर की लाइफ लाइन कहे जाने वाले बाईपास के निर्माण को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सरकार के समक्ष जमीन अधिग्रहण की बाधाओं को दूर करने के लिए एक नया और व्यवहारिक विकल्प पेश किया। विधायक कादियान ने कहा कि गन्नौर शहर को जाम के झंझट से मुक्त करना जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि यदि नहरी विभाग, राजपुरा माइनर के साथ लगती जमीन को बीएंडआर विभाग को सौंप दे और वहां लिंक रोड का निर्माण हो जाए, तो शहर का 40 प्रतिशत ट्रैफिक लोड कम हो जाएगा। इससे न केवल भारी बजट की बचत होगी, बल्कि जमीन अधिग्रहण की जटिल प्रक्रिया से भी राहत मिलेगी।

### मंत्री ने किया आश्वस्त

विधायक की इस मांग पर मंत्री रणबीर गंगवा ने सदन को आश्वस्त किया कि सरकार बाईपास के लिए गंभीर है। मंत्री ने कहा कि ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी और विधायक द्वारा सुझाए गए नहरी मार्ग के विकल्प की विजिबिलिटी की जांच कर जल्द ही डीपीआर तैयार की जाएगी।


गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान विधानसभा सत्र में क्षेत्र की आवाज उठाते हुए।

### जलभराव से मुक्ति के लिए 14 करोड़ की योजना

*शहर में जल निकासी की समस्या पर चर्चा करते हुए विधायक कादियान ने ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने की मांग की। मंत्री गंगवा ने बताया कि गन्नौर में स्ट्रॉम वाटर लाइन बिछाने के लिए 14 करोड़ रुपये का एस्टीमेट तैयार कर लिया गया है। 2200 मीटर लंबी आरसीसी पाइप लाइन डाली जाएगी। हालांकि, पंपिंग स्टेशन के लिए 1200 वर्ग फुट जमीन की आवश्यकता है, जिसके लिए मार्केट बोर्ड को पत्र लिखा गया है। जमीन मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। विधायक कादियान ने यमुना क्षेत्र के पबनेरा व पीरगढ़ी घाट पर हुए कटाव को रोकने के लिए ठोकर बनाने और अगवानपुर फाटक पर अधर में लटके ओवरब्रिज व अंडरपास के निर्माण को जल्द पूरा करने का आग्रह किया। सरकार ने सभी मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई और कार्यों में तेजी लाने का भरोसा दिया।*

## आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति ही नहीं अपितु जीवन शैली भी : प्रो. सुदेश


गोहाना। स्नातकोत्तर छात्राओं के साथ मंचासीन कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के माड़ू सिंह मेमोरियल आयुर्वेद संस्थान में आयुर्वेद स्नातकोत्तर में प्रथम वर्ष की नव आगंतुक छात्राओं के लिए चल रहे 18 दिवसीय संस्कार कार्यक्रम का सोमवार को समापन हो गया। समापन सत्र की मुख्यातिथि विवि की कुलपति प्रो. सुदेश रहीं। मुख्य वक्ता जानकीदास पब्लिक स्कू की प्राचार्या डॉ. गीतांजलि ग्रोवर थीं। संयोजन डॉ. नरेश भार्गव ने किया। आयुर्वेद संस्थान के प्राचार्य डॉ. एपी नायक ने कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि संस्कार कार्यक्रम का उद्देश्य केवल औपचारिक परिचय तक सीमित नहीं होता, बल्कि यह छात्राओं के शैक्षणिक जीवन की सुदृढ़ नींव रखने का कार्य करता है। इन अठारह दिनों में छात्राओं ने विवि की शैक्षणिक परंपराओं, अनुशासन, मूल्यों, आयुर्वेदिक दर्शन, आचार संहिता, अनुसंधान की दिशा तथा नैतिक उत्तरदायित्वों से स्वयं को परिचित किया है। कुलपति ने कहा कि आयुर्वेद केवल चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र शैली है। यह शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का विज्ञान है। छात्राएं ज्ञान के साथ-साथ करुणा, संवेदनशीलता, अनुशासन और नैतिक मूल्यों को भी अपने व्यक्तित्व का अभिन्न अंग बनाएं। इस अवसर पर प्रो. विजय कौशिक, डॉ. जीके पांडा, डॉ. महेश शर्मा, डॉ. दीपमाला व डॉ. शोभा बेंजवाल मौजूद रहे।


सोनीपत। खेल महोत्सव का शुभारंभ करते हुए मेयर राजीव जैन एवं अन्य।

### मेयर ने किया खेल महोत्सव का उद्घाटन

सोनीपत। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने मामचंद पब्लिक स्कूल में आयोजित 15वां वार्षिक खेल महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजीव जैन के साथ पार्षद मुकेश सैनी ने विद्यालय में पहुंचकर बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया और उनका उत्साहवर्धन किया। खेल महोत्सव की अध्यक्षता प्रधानाचार्य विनीश सैनी ने की। विद्यालय के निदेशक कृष्ण सैनी तथा उप-प्रधानाचार्या किरण सैनी की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा और बढ़ा दी। खेल महोत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरा विद्यालय परिसर खेल भावना, अनुशासन और उमंग से सराबोर रहा। इस प्रकार मामचंद पब्लिक स्कूल में 15वां खेल महोत्सव धूमधाम और सफलता के साथ संपन्न हुआ।

## सेमीफाइनल में भारती, नीतू, कीर्ति व प्रिया ने मारी बाजी

- हरियाणा बॉक्सिंग संघ ने राज्य स्तरीय अलाइट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप का किया आयोजन
- खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

हरियाणा बॉक्सिंग संघ की ओर से गोहाना स्थित जय बाला जी स्पोर्ट्स अकादमी में राज्यस्तरीय अलाइट महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान तीसरे दिन सोमवार को सेमी फाइनल मुकाबले खेले गए। इन मुकाबलों में महिला मुक्केबाजों के जमकर पंच चले। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों ने फाइनल में जगह बनाई।


सोनीपत। बॉक्सिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लेती खिलाड़ी।

**इस दौरान ये रहे मौजूद**

*इस दौरान हुड्डा खाप के प्रधान रामफूल हुड्डा, हरियाणा बॉक्सिंग संघ के प्रदेश अध्यक्ष मेजर सत्यपाल, महासचिव ओमबीर हुड्डा, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज हरपाल सिंह, सेना से सेवानिवृत्त जेसीओ आजाद सिंह दहिया, राजेश धनखड़, दीपक नेहरा, प्रशिक्षक राजेश सैनी, संजय डागर और अनिल शर्मा भी मौजूद रहे।*

### ये रहा परिणाम

*मुख्य प्रशिक्षक नवीन हुड्डा,चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल मुकाबलों में 45-48 किलो भारवर्ग में भारती, माही, 48-51 किलो भारवर्ग में नीतू व तमन्ना विजेता रहीं। 51-54 किलो भारवर्ग में कीर्ति, प्रियंका, 54-57 किलो भारवर्ग में प्रिया, विनिका, विजयी रहीं। 57-60 किलो भारवर्ग में विधि व तन्नू, 60-65 किलो भारवर्ग में साक्षी व रवीना, 65-70किलो में स्नेह व मनीषा, 70-75 किलो में रुद्रिका व ट्विंकल, 75-8 किलो भार वर्ग में नैना व रीतू और 80किलो से भार वर्ग में खुशी व रितिका विजयी रही।*

**फर्जी मेडिकल रिपोर्ट मामला**

## कंप्यूटर, प्रिंटर और लेटरहेड किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

- अदालत में पेश किया गया आरोपित, अदालत ने भेजा जेल

कुंडली क्षेत्र की सोसायटी में रहने वाले रेजिडेंट की बेटी की फर्जी मेडिकल रिपोर्ट बनाने के आरोपी पैथोलॉजी लैब संचालक से पुलिस ने कंप्यूटर, प्रिंटर और चार लेटरहेड बरामद किए हैं। टीडीआई रोडियो मॉल स्थित लेबेक्स पैथोलॉजी लैब के संचालक डॉ. राजेश रंजन को अदालत में पेश किया, जहां उसे जेल भेज दिया। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने पैसों के लालच में बच्ची की मेडिकल रिपोर्ट फर्जी तैयार करता था। आरोपी की इस हरकत के कारण बच्ची का इलाज लंबे समय तक गलत रिपोर्ट के आधार पर चलता रहा, जिससे उसके स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ा। आरोपी के पास चार वर्ष से ग्रोथ हार्मोन से संबंधित इंसुलिन लाइक ग्रोथ फैक्टर (आईजीएफ-1) टेस्ट कराए जा रहे थे। इन्हीं रिपोर्टों के आधार पर चिकित्सक दवाइयों की डोज तय करते थे। जब इलाज के बावजूद बच्ची के स्वास्थ्य में कोई सुधार नहीं हुआ और उसके शरीर के कई अंगों पर नकारात्मक प्रभाव दिखने लगे तो परिजनों को रिपोर्ट की सत्यता पर शक हुआ। जांच कराने पर सामने आया कि रिपोर्ट फर्जी थी।

### ये चीजें हुई बरामद

*कुंडली थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एक दिन के रिमांड पर लिया था। आरोपी की लैब से कंप्यूटर, प्रिंटर और चार प्रतिष्ठित लैबों के लेटरहेड बरामद किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल फर्जी रिपोर्ट तैयार करने में किया जा रहा था।*

### कोर्ट ने भेजा जेल, जांच जारी

*पुलिस ने आरोपी को एक दिन के रिमांड के बाद सोमवार को दोबारा अदालत में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और यह भी पता लगाया जा रहा है कि इस तरह की फर्जी रिपोर्ट और कितने मामलों में बनाई गई थीं।*


गोहाना। समारोह में शिक्षकगणों के साथ विद्यालय के पूर्व छात्र।

### पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में एलुमनी मीटः पूर्व छात्रों ने पुराने यादों को किया ताजा

गोहाना। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बुटाना में पूर्व छात्र मिलन समारोह : 2025 (एलुमनी मीट) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पुराने छात्रों को उनके स्कूल के दिनों की यादों से जोडना और विद्यालय के प्रति उनके जुड़ाव को और मजबूत करना था। यह आयोजन 2009 बैच के पूर्व छात्रों द्वारा आयोजित किया गया। पूर्व छात्र मिलन समारोह में विद्यालय के उप प्राचार्य भानु प्रताप ने मुख्य भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में काम सिंह मलिक, शिक्षिका जागृति और अरुण गौड़ सहित विद्यालय के अन्य स्टाफ सदस्यों ने अपना सहयोग दिया। समारोह में विद्यार्थियों ने हरियाणवी संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति से खूब समां बांधा। मुख्य आकर्षण का केंद्र 2022 बैच के पूर्व छात्र रहे। इस बैच के छात्रों को गोल्डन जुबली अवार्ड से अलंकृत किया गया। समारोह में पूर्व छात्रों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा की और वर्तमान छात्रों का मार्गदर्शन किया। पूर्व छात्राओं ने विद्यालय के प्राचार्य एवं अन्य स्टाफ सदस्यों से आशीर्वाद प्राप्त किया।



### लायंस क्लब गन्नौर गौरव ने 150 कंबलों का किया वितरण

गन्नौर। लायंस क्लब गन्नौर गौरव द्वारा सेवा प्रकल्प के अंतर्गत 150 कंबलों का वितरण किया गया। कंबलों का वितरण नपा सफाई कर्मचारी एवं घरों में कार्य करने वाली लगभग 20 जरूरतमंद महिलाओं को किया गया, जिससे ठंड के मौसम में उन्हें राहत मिल सके। कार्यक्रम के मुख्यातिथि देवेंद्र कादियान रहे। उन्होंने लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और जरूरतमंदों को सम्मान के साथ सहायता प्रदान करते हैं।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

**तनीषा व शिवांश ने टीमों का नेतृत्व किया**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

नवज्योति शिक्षा सदन में रविवार को वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुकाबले लड़कों और लड़कियों की टीमों के बीच खेले गए। लड़कियों की टीम की कप्तानी तनीषा ने की। टीम में अनुष्का, सोनम, अंजलि, पायल, स्नेहा व वीनू शामिल रहीं। वहीं लड़कों की टीम का नेतृत्व शिवांश ने किया। उनकी टीम में नैतिक, अंशुल, हार्दिक, गौरव व तरुण ने शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान कुल तीन मुकाबले खेले गए। इनमें एक मैच में लड़कियों की टीम ने जीत दर्ज की, जबकि दो मुकाबलों में लड़कों की टीम विजयी रही। मैचों का संचालन रेफरी अशोक कादियान ने किया। जज की भूमिका जसवंत धनखड़ व संजीत कौशिक ने निभाई। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने कहा कि खेलकूद से विद्यार्थियों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है और उनमें अनुशासन व टीम भावना विकसित होती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 8295154800, 9253681010, 9253681005

**खेल** दो स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया

# सीनियर नेशनल रेसलिंग में प्रताप स्कूल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा

अहमदाबाद में आयोजित सीनियर नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल के पहलवानों ने 2 स्वर्ण पदक और 1 कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। नितेश ने 97 किग्रा ग्रीको-रोमन वर्ग में स्वर्ण पदक, अमन ने 77 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक तथा अनिल ने 67 किग्रा वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित कोच ओम प्रकाश दहिया, अध्यक्ष वेद प्रकाश, संस्थापक सत प्रकाश दहिया, प्रधानाचार्या दया दहिया व शैक्षणिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया ने उन्हें बधाई। ओम प्रकाश दहिया ने बताया कि नितेश इससे पहले 6 अंतरराष्ट्रीय व 12 राष्ट्रीय पदक जीत चुके हैं।


खरखौदा। अपने पदक दर्शाते हुए विजेता खिलाड़ी

### माता-पिता और विद्यालय को दिया जीत का श्रेय

जबकि अमन 5 बार के राष्ट्रीय पदक विजेता हैं और अनिल 6 बार राष्ट्रीय पदक अपने नाम कर चुके हैं। डॉ. सुबोध दहिया ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा विद्यालय केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि यहाँ विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक, नैतिक और बौद्धिक विकास पर समान रूप से ध्यान दिया जाता है। खिलाड़ियों ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता के त्याग और आशीर्वाद, विद्यालय की प्रबंधन समिति के सहयोग, कोचों तथा शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन को दिया।

## दून स्कूल के सिद्धार्थ ने बैडमिंटन में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

गोहाना-पानीपत मार्ग स्थित दून पब्लिक के कक्षा 8वीं के उदीयमान छात्र सिद्धार्थ ने इंटर स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीत करक अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। 20 व 21 दिसंबर को दिल्ली वर्ल्ड स्कूल, समालखा में इंटर स्कूल बैडमिंटन प्रतियोगिता आयोजित की गई। सिद्धार्थ ने इस प्रतियोगिता में आयु वर्ग-13 में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल किया। खिलाड़ी के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन को लेकर सोमवार को स्कूल के चेयरमैन राजेश कुमार और प्राचार्या ज्योति छाबड़ा ने सम्मानित किया। छात्र सिद्धार्थ ने इस प्रतियोगिता में कड़े मुकाबलों में अपने खेल कौशल, आत्मविश्वास और अनुशासन का उत्कृष्ट परिचय दिया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से स्कूल में खुशी का माहौल है।



गोहाना। छात्र सिद्धार्थ को सम्मानित करते हुए शिक्षक।